ग्रेनो प्राधिकरण ने नए रूट को बनाने के लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर बनाने को दी मंजूरी

नोएडा से ग्रेनो की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बॉटेनिकल गार्डन से जुड़ेगा से. 142

भास्कर न्यूज | ग्रेटर नोएडा

नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच सीधे मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन को जोड़ने की योजना है। इसके लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर बनाने की योजना को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड मीटिंग में शुक्रवार को मंजूरी दे दी गई। शुक्रवार को प्राधिकरण की 114वीं बोर्ड बैठक में दिल्ली से नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सीधी कनेक्टिविटी को लेकर चर्चा की गई और फिर इसे हरी झंडी दी गई। दरअसल, अभी दिल्ली के द्वारका से नोएडा आने वाली मेट्रो लाइन से लोगों को सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन उतरकर बाहर आने के बाद कुछ दूरी पैदल तय करने के बाद ग्रेटर नोएडा जाने वाली एक्वा लाइन मेट्रो मिलती है। ऐसे में लोगों को परेशानी होती है। यही वजह है कि एक्वा लाइन मेट्रो में सफर के वजाय यात्री बॉटनिकल गार्डन उतरकर बस लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

वजह | एक्वा लाइन मेट्रो में सफर के बजाय यात्री बॉटेनिकल गार्डन से बस लेना ज्यादा पसंद कर रहे

फाइल फोटो

अभी मेट्रो से 50 मिनट और 50 रु. लगता है किराया, वही बस से समय 30 मिनट और किराया 27 रुपए

दरअसल, अभी एक्वा मेट्रो लाइन से सफर करते हुए यात्रियों को नोएडा से ग्रेटर नोएडा पहुंचने में करीब 50 मिनट का समय लग जाता है। इसके अलावा किराया भी 50 रुपए लग जाते हैं। यात्रियों को मेट्रो से सीधे कनेक्टिविटी भी नहीं मिलती है। इसलिए यात्री बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर उतरककर वहां से कुछ दूरी पर ही खड़ी बस से महज 27 रुपए में 30 से 35 मिनट में ग्रेटर नोएडा पहुंचने को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। यही वजह है कि 25 जनवरी से शुरू हुई एक्वा मेट्रो लाइन में यात्रियों की संख्या में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है। इसलिए ग्रेटर नोएडा के बीच सीधी कनेक्टिविटी करने के लिए प्राधिकरण ने ये फैसला लिया है।

प्राधिकरण की हरी झंडी के बाद डीपीआर बनी तो 11 किमी के बीच बन सकते हैं 6-7 नए स्टेशन

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की हरी झंडी मिलने पर अब एनएमआरसी ही फिजिबिलिटी रिपोर्ट के बाद इस रूट के लिए डीपीआर तैयार करेगी। इस रूट पर कुल लंबाई करीब 11 किलोमीटर होगी और 6 से 7 मेट्रो स्टेशन होने की उम्मीद है। इस रूट पर सेक्टर-125, 98, 108, 91 समेत अन्य कुछ स्टेशन बनाए जा सकते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का मानना है कि इस रूट के शुरू होने से सीधी कनेक्टिविटी के साथ लोगों का समय भी बचेगा। इससे यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।

ग्रेटर नोएडा से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन तक मेट्रो चलाने के लिए डीपीआर तैयार करने को मंजूरी

शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा को सीधे रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए भी पहल की है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से डिपो मेट्रो स्टेशन से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन तक फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर बनाने के लिए एनएमआरसी को तय किया है। बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब भी विकसित करने की योजना है। इस रूट पर करीब तीन किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन होगी। इसके बीच में दो से तीन मेट्रो स्टेशन होंगे।